# सी. एच. सी. व पंचायत समितियों में खुलेंगी 'दीदी की कैन्टीन'

## ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**अनूपगढ़,** (कासं)। गांव 76 जीबी के पास आज शुक्रवार सुबह लगभग 10:15 बजे सूरतगढ़ से अनूपगढ़ आने वाली ट्रेन की चपेट में ईंट भट्टे पर काम करने वाला मजदूर चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई।

27 वर्षीय संजू को ग्रामीण और मजदूरों के द्वारा अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना अनूपगढ़ पुलिस थाने में दी। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल महावीर मौके पहुंचे और संजू के शव को आगामी कार्रवाई के लिए सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। बताया जा रहा है कि मृतक संजू मूलतः यूपी का निवासी था और वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ अनूपगढ़ में एक ईंट भट्टे पर मजदूरी का काम करता था।

प्रत्यक्षदर्शी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि संजू (27) पुत्र माखन मूलतः उत्तरप्रदेश के गांव उल्फत नगर का निवासी था। संजू टाटा ईंट उद्योग पर मजदूरी का काम करता था। आज सुबह करीब 10 बजे संजू ईंट भट्टे से अनूपगढ़ बाजार के लिए रवाना हुआ था। ईंट भट्टे से मात्र 400 मीटर की दूरी पर स्थित रेलवे पटरी पर वह सूरतगढ़ से अनूपगढ़ आने वाली ट्रेन की चपेट में आ गया। संजू के ट्रेन की चपेट में आते ही मौके पर किसानों और मजदूरों की भीड़ जुट गई।

गुरप्रीत सिंह ने बताया कि निजी कार से संजू को तुरंत अनूपगढ़ के सरकारी अस्पताल से पहुंचाया जहां डॉक्टर ने संजू को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर हैड कांस्टेबल महावीर मौके पर पहुंचे।

**बीकानेर,** (कासं)। जिले की समस्त पंचायत समितियों और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा 'दीदी की कैन्टीन' खोली जायेगी। जिला कलेक्टर ने कहा कि सहायता समूहों द्वारा की जा रही गतिविधियों की नियमित समीक्षा की जाए। प्रत्येक ब्लॉक के कम से कम दस एसएचजी को 'मॉडल एसएचजी' के रूप में विकसित किया जाए जो बेहतर आय अर्जित करती हों।

लूणकरनसर, कोलायत और बीकानेर ब्लॉक में राजीविका

- **स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा 'दीदी की कैन्टीन' खोली जायेगी**



बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने राजीविका की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

गतिविधियों पर असंतोष जताया और इनमें गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर कार्य होना चाहिए। ऐसा नहीं होने पर संबंधित ब्लॉक प्रभारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उसके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि राजीविका की कृषि और पशु सखियों की गतिविधियां फील्ड में दिखाई दें तथा किसानों एवं पशुपालकों को इनका लाभ हो। इनकी नियमित समीक्षा भी की जाए। आरसेटी द्वारा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का डिजिटल-पे सखी का प्रशिक्षण अब तक नहीं करवाए जाने को गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक के अधिकारी संबंधित एसडीएम और बीडीओ को मासिक गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट दें। ब्लॉक प्रभारियों को रात्रि चौपालों और जनसुनवाई के दौरान मौजूद रहने तथा विगागीय गतिविधियों की जानकारी आमजन को दिए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लखासर में संचालित सेनेट्री नेपकिन इकाई को एक्टिव किया जाए। नेपकिन की क्वालिटी का ध्यान रखने के साथ इसके विपणन की प्रभावी योजना बनाई जाए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने भी नशे को समाज और घर-परिवार के लिए बेहद घातक बताते हुए कहा कि नशा छोड़ने वाले खुद आगे आकर प्रयास करेंगे तो नशा छोड़ा जा सकता है। इस कार्य में घर-परिवार और समाज के लोग भी सहयोग करें तो नशा मुक्ति का संकल्प पूरा हो सकता है।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक हरिराम चौहान, प्रबंधक वित्त दामोदर दास व्यास, नाबार्ड के डीडीएम रमेश तांबिया, जिला प्रबंधक मणिशंकर हर्ष, कुंजबिहारी गुर्जर, प्रियंका चौधरी, जिला लेखाकार देवेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद थे।

**सतर्कता समिति की बैठक 25 को :** जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 1995 के नियम 17 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 25 अक्टूबर को सांय 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एवं सदस्य सचिव एल. डी. पंवार ने दी।

## जिम जा रहे युवक को ट्रक ने कुचला

**बीकानेर,**(कासं)। यहां दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल है, जिसका पीबीएम अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसमें एक हादसा रायसर के पास हुआ और दूसरा उदयरामसर गांव से आगे हुआ।

गंगाशहर थाना क्षेत्र में सुबह करीब 6 बजे देशनोक के 2 युवक स्कूटी पर बीकानेर आ रहे थे। रास्ते में एक ट्रक ने स्कूटी सवार को टक्कर मारकर कुचल दिया। दूसरा युवक भी घायल हो गया। बहुत ही दर्दनाक तरीके से कुचल गए इस युवक के शव को मुश्किल से परिजनों के सुपुर्द किया। यह हादसा धारणिया पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार सुबह हुआ। जब देशनोक निवासी दिनेश खत्री और उसका दोस्त रमेश हमेशा की तरह बीकानेर के पवनपुरी स्थित जिम में एक्सरसाइज करने के लिए स्कूटी से रवाना हुए थे। धारणिया पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में दिनेश खत्री पुत्र रामानन्द निवासी सदर बाजार देशनोक की मौके पर ही मौत हो गई।

रमेश पाणेचा पुत्र घनश्याम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे पीबीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलने के बाद से देशनोक में शोक की लहर है।

दोनों मित्र हमेशा बीकानेर की एक जिम में आते थे। देर रात रायसर से आगे बीकानेर की तरफ स्लीपर बस और बाइक की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार रायसर निवासी भादर सिंह की मौत हो गई।

## सार-समाचार

### नगर निगम आयुक्त का अभिनंदन



गंगाशहर नागरिक परिषद ने निगम आयुक्त मयंक मनीष का अभिनंदन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। उपनगर गंगाशहर में स्वास्थ्य सेवाओं व पर्यावरण व सतत् विकास व सौन्दर्यकरण के लिए कार्य कर रही गंगाशहर नागरिक परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष का अभिनंदन किया। अभिनंदन स्वरूप आयुक्त को साफा पहनाया व बुके प्रजेंट किया गया। अभिनंदन करने वालों में कन्हैयालाल बोथरा, जतन दुग्गड़, मोहन सुराणा, सम्पत दुग्गड़ मौजूद थे। जतन दुग्गड़ ने बताया कि गंगाशहर राजकीय चिकित्सालय को वर्ष 2006 से गोद लेकर निरन्तर 18 वर्षों से विकास में महत्वपूर्ण योगदान परिषद कर रही है। इन 18 वर्षों में करोड़ों रूपए भामाशाहों के सहयोग व केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल के एमपी कोटे से विकास कार्य हुए हैं जो अभी भी जारी है। साथ ही विधायक पूर्व सिद्धि कुमारी के प्रयासों से भी एमएलए कोटे से विकास कार्य हो रहे हैं। बोथरा व सुराणा ने आयुक्त को बताया कि अस्पताल के बाहर मैन गेट के पास साग सब्जी वाले बैठते हैं व मार्ग अवरोध हो गया। किसी भी रोगी को मैन गेट से अंदर अस्पताल लाने में दिक्कत होती है। प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त से कहा कि हम नहीं चाहते हैं किसी की रोजी-रोटी छीन जाए। इन सबको उपयुक्त स्थान पर जगह देकर स्थानांतरण किया जाए। इसके अलावा सुजानदेसर व उदयरामसर व आसपास क्षेत्र की जनसंख्या 2 लाख के आसपास है। इस क्षेत्र में कोई अच्छा गार्डन नहीं है। बोथरा ने आयुक्त को बताया कि गंगाशहर की स्थापना पूर्व महाराजा गंगासिंह ने की थी। जो बहुत सुंदर तरीके से बसाया गया व आज जो मैन चौक चौराहा है उसमें बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो गए हैं। इस अवसर पर उपायुक्त यशपाल आहूजा भी मौजूद थे।

### सिख समाज का समागम शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सिख समुदाय का महल्ला समागम शुक्रवार को पुरानी आबादी स्थित मल्टीपर्पज स्कूल के खेल मैदान में शुरू हुआ। सुबह शुरूआत अखण्ड पाठ से हुई। बाबा राज सिंह खालसा ने बताया कि समागम में बाबा मेजर सिंह सोढी सहित देश-विदेश से कई जत्थेबंदियां भाग लेंगी। शनिवार शाम होने वाले धार्मिक कीर्तन दीवान में कई रागी-ढाडी जत्थे व कथावाचक कथा-कीर्तन से गुरू की महिमा गायेंगे। समागम का समापन रविवार को होगा। इस दौरान सुबह नौ बजे अखण्ड पाठ के भोग के बाद विशेष कीर्तन दरबार सजाया जायेगा। दोपहर दो बजे बाबा मेजर सिंह सोढी की अगुवाई में नगर परिक्रमा निकाली जायेगी। इसमें कला का प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम का समापन सुखाड़िया सर्किल के नजदीक रामलीला मैदान में होगा। इसमें घोड़ा दौड़, गतके सहित कई हैरतअंगेज करतब दिखाए जायेंगे। श्रीगंगानगर और बाहर से आए रागी

# गंगानगर में 29 नए डेंगू रोगी मिले, विभाग ने रोगी नहीं माना

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। डीएच में 130 सैम्पलों की रेपिड कार्ड से टेस्टिंग की गई। इसमें 60 सैम्पलों में 18 और 70 सैम्पलों में 11 को डेंगू पॉजिटिव होने की रिपोर्ट मिली।

स्वास्थ्य विभाग अब इन रोगियों को डेंगू पॉजिटिव मानने से आनाकानी कर रहा है। तर्क दिया जा रहा है कि एलाइजा विधि से किया टेस्ट ही डेंगू का कन्फर्म टेस्ट है। रेपिड कार्ड टेस्ट की एक्यूरेसी कम होने से गलत रिपोर्ट की आशंका रहती है। जिले की मौसमी बीमारियों की सरकारी रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो दिनों में डेंगू का एक ही रोगी मिला है। वह भी पीबीएम अस्पताल बीकानेर में भर्ती है।

सीएमएचओ कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार जिला अस्पताल से दो दिनों में 29 रोगी मिलने की सूचना उन्हें नहीं मिली है। दो दिनों में कार्ड टेस्ट से 29 रोगी मिलने और जिला का एक रोगी

- **वास्थ्य विभाग अब इन रोगियों को डेंगू पॉजिटिव मानने से आनाकानी कर रहा है। तर्क दिया जा रहा है कि एलाइजा विधि से किया टेस्ट ही डेंगू का कन्फर्म टेस्ट है**
- **रेपिड कार्ड टेस्ट की एक्यूरेसी कम होने से गलत रिपोर्ट की आशंका रहती है**

पीबीएम में कार्ड टेस्ट से कन्फर्म होने से इन 30 रोगियों सहित अब मिले डेंगू रोगियों की संख्या 100 तक पहुंच चुकी है। जबकि सरकारी रिकॉर्ड में आंकड़ा 70 ही माना जा रहा है।

डॉक्टर्स के अनुसार रेपिड कार्ड टेस्ट की एक्यूरेसी 60 प्रतिशत तक होती है। इससे गलत रिपोर्ट मिलने की आशंका ज्यादा रहती है। डीएच में एलाइजा किट के अभाव में चार दिनों से डेंगू की एलाइजा जांच नहीं हो रही थी। सरकारी सप्लाई में 13 किट मिली हैं। इससे 1,248 टेस्ट हो सकेंगे। डीएच प्रबंधन ने 25 जांच किट की मांग की थी। इसमें 13 किट गुरूवार शाम को मिल गई। सात जांच किट जल्द मुहैया होने की संभावना है।

किटों की उपलब्धता कम होने से मांग के अनुरूप मिल नहीं रही है। अस्पताल की लैब में एक हजार रेपिड कार्ड भी उपलब्ध करवाए गए हैं ताकि किट के अभाव में डेंगू की जांच हो सके। इन दिनों बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ रही है।

## 133 यूनिट रक्तदान

**नोखा,** (कासं)। उप स्वास्थ्य केन्द्र अणखीसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन गांव अणखीसर निवासी स्व. असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर सुरजाराम जांदू की प्रथम पुण्यतिथि पर किया गया। रक्तदान शिविर में बीकानेर पीबीएम ब्लड बैंक द्वारा ब्लड संग्रहित किया गया। रक्तदान शिविर में 141 पंजीयन हुए जिसमें कुल 133 यूनिट रक्त संग्रहण किया गया। लिखमाराम ने बताया कि लोगों द्वारा रक्तदान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें ब्लड चढ़ाने की आवश्यकता पड़ जाती है।

## व्यापारी से लूट मामले में नहीं लगा कोई सुराग

**बीकानेर,** (कासं)। यहां के करणी इंडस्ट्रियल एरिया में व्यापारी के साथ लूट के मामले में पुलिस के हाथ दो दिन बाद भी खाली है। मुक्ता प्रसाद नगर थाना क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद से पुलिस सीसीटीवी कैमरों और अभय कमांड के कैमरों के साथ संदिग्ध लोगों की छानबीन कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले में सफलता मिलेगी।

व्यापारी धनराज लुणिया 16 अक्टूबर को करणी इंडस्ट्रियल एरिया में रात करीब आठ बजे अपनी फैक्ट्री से वापस लौट रहे थे। विनायक इंडस्ट्रीज के पास दो अज्ञात मोटर साइकिल चालकों ने रोक लिया। इन दोनों युवकों ने उसी समय मारपीट शुरू कर दी और चाकू मारकर घायल कर दिया। इस समय धनराज के पास करीब एक लाख तीस हजार रूपए थे। ये रूपए बदमाशों ने लूट लिए। इसके अलावा धनराज का पर्स भी ले लिया।

- **दो दिन पहले करणी औद्योगिक क्षेत्र में चाकू मारकर 1.30 लाख रूपये लूट लिए थे**

कुछ और सामान भी ये लोग लूटकर भाग गए। धनराज की सूचना पर मुक्ता प्रसाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। अभय कमांड के कैमरों में भी पुलिस ने उसी समय और बाइक के हिसाब पर कुछ संदिग्ध लोगों पर नजर रखी लेकिन सफलता नहीं मिली। मुक्ता प्रसाद नगर थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- पिछले तीन दिन से थाने के सभी पुलिसकर्मी इसी मामले में जुटे हुए हैं।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर, (राज.)**

क्रमांक :- नियोजन/ 2024/ दिनांक :

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 15 किला नं. 4 में भूखण्ड सं. बी-01 भूखण्ड माप 55'-0'' गुणा 70'-0'' फीट भूमि का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा सं. 124 दिनांक 13.05.2011 द्वारा श्रीमती मीनू खेमका पत्नी श्री संजय खेमका एवं श्री संजय खेमका पुत्र श्री सत्यनारायण खेमका के नाम से जारी है। श्रीमती मीनू खेमका द्वारा उक्त भूखण्ड में से अविभाजित 1/2 हिस्सा 1925 वर्गफीट (पूर्व-उत्तर दिशा में खुलता हुआ कॉर्नर) जरिये रजिस्ट्री श्रीमती ललिता देवी पत्नी श्री डॉ. एल.डी. गुप्ता को विक्रय किया गया है। श्रीमती ललिता गुप्ता द्वारा अपना 1/2 हिस्सा (1925 वर्गफीट) एवं श्री संजय खेमका द्वारा अपना 1/2 हिस्सा (1925 वर्गफीट) जरिये रजिस्ट्री श्री अवि गर्ग को विक्रय किया गया है। श्री अवि गर्ग द्वारा भूखण्ड माप 55'-0'' गुणा 70'-0'' फीट का नियमानुसार न्यास के पत्रांक SGNR/FY24-25/MUT/962 दिनांक 16.10.2024 को नामांतरण करवाकर आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय दर्शाया गया है।

नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11(8)नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर


# पेट्रोल पम्पों पर चोरी के मामले में गिरफ्तार

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के लूणकरनसर क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंपों पर चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया। आरोप है कि पिछले कुछ दिन में इस युवक ने चार अलग-अलग पेट्रोल पंपों पर चोरियां की।

लूणकरनसर पुलिस के अनुसार 14 सितम्बर को लूनकरनसर के चार पेट्रोल पम्पों पर चोरी की घटना हुई। इस दौरान चारों पंपों से अलग-अलग सामान चोरी हुए। पुलिस ने एक ही रात में हुई इन चोरियों को गंभीरता से लेते हुए एक टीम बना दी। इस टीम ने सीसीटीवी फुटेज और अन्य आधार पर हरियाणा के रहने वाले एक युवक पर शक किया। उसके बारे में रिपोर्ट ली गई फिर हिरासत में लेकर पूछताछ हुई।

- **हरियाणा के युवक ने एक ही रात में चार पम्पों पर की चोरी की वारदात**

इस दौरान आरोपी कुलदीप सिंह पुत्र बलवीर सिंह जाति बावरी उम्र 20 साल निवासी आफताबगढ जिंद (हरियाणा) ने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसे गिरफ्तार करके अदालत में पेश किया गया जहां से पुलिस रिमांड मांगा गया। पुलिस को उम्मीद है कि कुलदीप से कुछ और चोरियों के राज खुल सकते हैं। आरोपी से चोरी में अन्य सहयोगियों व अन्य चोरियों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। लूणकरनसर में कई बड़ी चोरियां भी हुई है।

## आज 4 घंटे बिजली कटौती

**नोखा,** (कासं)। दीपावली पर्व पर जीएसएस व फीडर मेंटेनेंस को लेकर शनिवार को नोखा शहर के जीएसएस के सभी 11केवी फीडर की बिजली सप्लाई सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 4 घंटे बंद रहेगी।

कनिष्ठ अभियंता संदीप चौधरी ने बताया कि शटडाउन के दौरान नोखा शहर जीएसएस के अंतर्गत आने वाले नोखा शहरी क्षेत्र के सदर बाजार, मोहनपुरा, जोरावरपुरा, गणेशपुरा, नागौर रोड़, इंद्रा कॉलोनी, आदर्श नगर, आर.के.पुरम, बालाजी नगर, सुजानगढ़ रोड़, महाराणा प्रताप कॉलोनी, भगत सिंह कॉलोनी, सलुंडिया रोड़, हस्तीनगर, संचेती खेड़ी, लालूजी खेड़ी, तिरूपति नगर, बाबा छोटूनाथ नगर, तहसील रोड़, कर्मचारी कॉलोनी, माडिया गांव आदि की सप्लाई 4 घंटे बंद रहेगी।

# पत्नी ने बेटियों संग मिलकर पति को डंडों से पीटा

**बीकानेर,** (कासं)। यहां एक व्यक्ति को पत्नी और बेटियों ने लोहे की रॉड और डंडे से घर में जमकर पीटा। वह कराहता रहा लेकिन महिलाएं उसे पीटती रही। इस मामले का वीडियो किसी ने बना लिया और इसे सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया।

वीडियो 14 अक्टूबर का बताया जा रहा है। मामला बीकानेर के बीछवाल थाना इलाके की इंद्रा कॉलोनी का है। पति ने बीकानेर एसपी कावेन्द्र सागर से कार्रवाई करने की मांग की है। इस पर एसपी ने बीछवाल थाने को मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं।

बीछवाल थानाधिकारी गोविन्द सिंह चारण ने बताया कि आज एसपी ऑफिस से परिवाद मिलने के बाद शिकायतकर्ता को थाने में बुलाया गया है। उससे पूरे मामले की पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। शिकायत में पत्नी और बेटियों पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। अभी दूसरे पक्ष से भी पूछताछ की जायेगी।

- **ड्यूटी करके घर गया तो खाना नहीं बना था**
- **नाराज पत्नी और 2 बेटियों ने जमकर पिटाई कर दी**

इंद्रा कॉलोनी में रहने वाले जितेन्द्र सिंह ने एसपी सागर को दिए परिवाद में अपनी बेटियों और पत्नी पर आरोप लगाये हैं। जितेन्द्र ने पुलिस को बताया कि पत्नी और उसकी बेटियों ने घरेलू विवाद के चलते उस पर हमला किया।

जितेन्द्र का कहना है कि अपनी ड्यूटी करके घर गया तो वहां खाना नहीं बना हुआ था। इससे नाराज होकर पत्नी और 2 बेटियों ने जमकर पिटाई कर दी। लोहे की रॉड से पैरों पर बार-बार हमला किया गया। एक पैर पहले से टूटा हुआ था।

उसी पर बार-बार हमला किया गया। उसे घर के आंगन में पटक कर लोहे की रॉड से पीटा गया। इससे उसके पैर और अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई है।


**राजस्थान आवासन मण्डल**
**RAJASTHAN HOUSING BOARD**
(राज.आवा.मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
( A State Government Enterprise Constituted Under RHB Act 1970)
वृत-बीकानेर, **Circle-Bikaner**

क्रमांक:-उआआ/आरएचबी/बीका/2024-25/645 दिनांक :- 14.10.2024

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवंटी को वाद संख्या 7(210)/9/25 आवासीय भूखण्ड सं.1-बी-898 शिवबाड़ी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 219.00वर्गमीटर का आवंटन पत्र क्रमांक 841 दिनांक 17.11.2022 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 29.11.2022 से पंजीकृत है।

तत्पश्चात मूल आवंटी श्री श्रवण पुत्र श्री कालूराम ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख पत्र के माध्यम से श्री चन्द्र शेखर आसवानी पुत्र श्री कैलाश आसवानी को किया गया उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 05.07.2023 से पंजीकृत हैं।

श्री चन्द्र शेखर आसवानी पुत्र श्री कैलाश चन्द्र आसवानी ने समस्त पंजीयन प्रपत्रों की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड में अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री चन्द्र शेखर आसवानी पुत्र श्री कैलाश चन्द्र आसवानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधिन है।। यदि किसी व्यक्ति/ हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री चन्द्र शेखर आसवानी पुत्र श्री कैलाश चन्द्र आसवानी का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास मे उनके वारिसों एवम् कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।।

सहायक आवासन अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल
वृत्त बीकानेर


# विश्वविद्यालय के छात्रों की ऊर्जा को दिशा देने की जरूरत : ए. पी. पाढ़ी

बीकानेर,(कासं)। भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद एवं महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित भारत-2047' का शुभारंभ विश्वविद्यालय के संत मीराबाई सभागार में हुआ।

संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता को सम्बोधित करते हुए प्रो. ए. पी. पाढ़ी ने विकसित भारत-2047 के संदर्भ में अपनी बात रखते हुए कहा कि कोई भी राष्ट्र तभी विकसित होता है, जब उसके लोगों का विकास होता है। उन्होंने विकसित भारत के साझा लक्ष्य को हासिल करने के लिए हर विश्वविद्यालय के छात्रों एवं युवाओं की ऊर्जा को दिशा देने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग इसे आंदोलन समझकर अपने जीवन में परिवर्तनकारी एजेंडा शामिल कर अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। उन्होंने भारत के प्रत्येक विश्वविद्यालय एवं



अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित भारत-2047' में प्रो. ए. पी. पाढ़ी, कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित, प्रो. गीताजंलि दास ने शोध एवं अकादमिक पुस्तकों का विमोचन किया।

कॉलेज में इस हेतु विशेष अभियान चलाने का सुझाव दिया। दूसरे तकनीकी सत्र में प्रो. एस. पी. शाही, कुलपति मगध विश्वविद्यालय, प्रो. अजमेर सिंह मलिक, कुलपति चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने भारतीय राजनीति विज्ञान का भारत में भविष्य विषय पर अपना व्याख्यान दिया। संगोष्ठी के अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई स्मारिका 'मरू गंगा' एवं संगोष्ठी में भाग ले रहे 25 से अधिक प्रतिभागियों की शोध एवं अकादमिक पुस्तकों का विमोचन किया गया। विश्वविद्यालय कुलपति मनोज दीक्षित एवं प्रो. कौशल किशोर मिश्रा द्वारा लिखित पुस्तक 'मोर्नाकी इन मनु स्मृति' का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रो. ए. पी. पाढ़ी, पूर्व अध्यक्ष ईप्सा, पूर्व कुलपति बहरमपुर विश्वविद्यालय ओड़िसा ने किया।

- **'विकसित भारत-2047' संगोष्ठी आयोजित**
- **शोध व अकादमिक पुस्तकों का विमोचन**


सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग

**वाइब्रेंट इंडिया हेतु पीएम यंग अचीवर्स स्कॉलरशिप अवार्ड स्कीम (पीएम-यशस्वी)**
**टॉप क्लास स्कूलों में**

**ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए 15000 छात्रवृत्तियां**

- **पात्रता:**
  - ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्र
  - माता-पिता/अभिभावक जिनकी वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए
  - कक्षा 9वीं अथवा 11वीं में टॉप क्लास स्कूल में अध्ययनरत छात्र
  - 8वीं अथवा 10वीं कक्षा में 60% अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र
- **छात्रवृत्ति सहायता:** कक्षा 9 और 10 के लिए 75,000 रुपये प्रति वर्ष तक और कक्षा 11 और 12 के लिए 1,25,000 रुपये प्रति वर्ष तक*
- **चयन प्रक्रिया:** छात्रों का चयन कक्षा 8 और 10 में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई मेरिट के अनुसार और एनएसपी पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।
- **राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पंजीकरण और आवेदन के लिए दिनांक 31.10.2024 तक खुला है।**
- **केंद्र सरकार द्वारा छात्रवृत्ति केवल आधार से जुड़े खाते में डीबीटी मोड के माध्यम से लाभार्थी को सीधे ही संवितरित की जाएगी।**

*शिक्षण शुल्क/छात्रावास शुल्क, आदि स्कूल द्वारा अपेक्षित वास्तविक आधार पर हैं।

(टिप्पणी: स्कीम के दिशा-निर्देशों, विस्तृत पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों के लिए, कृपया http://socialjustice.gov.in / schemes/ और https://scholarships.gov.in/ पर जाएं।

cbc 38101/11/0023/2425

# कलेक्टर ने अवैध खनन रोकने के लिए अफसरों को दी हिदायत

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि अवैध खनन की गतिविधियां स्वीकार्य नहीं है। उपखंड अधिकारी, पुलिस और खनिज विभाग अतिरिक्त समन्वय स्थापित कर अवैध खनन तथा परिवहन जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाएं। जिला कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को प्रत्येक माह में न्यूनतम पांच खदानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि खदानों पर लगे बोर्ड, पिलर आदि की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करें।


बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आयोजित अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

ब्लॉक स्तर पर हर 15 दिन में खनन विभाग के साथ अनिवार्य रूप से बैठक हों। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने कहा कि अवैध खनन रोकने के लिए पुलिस द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा तथा निरीक्षण दल के साथ पुलिस की व्यवस्था करवाई जायेगी।

जिला कलेक्टर ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को ब्लाक वाइज शेड्यूल बनाकर सोमवार से सघन कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ नहीं हों, इसके लिए सैंपलिंग बढ़ाई जाए तथा सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने डेंगू की स्थिति की जानकारी ली और कहा कि पंचायतों में भी चिन्हित स्थानों पर एंटीलार्वा गतिविधियां आयोजित करें। जहां भी डेंगू के मरीज अधिक आये हैं वहां सैम्पलिंग बढ़ाए। जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों को मंडियों का निरीक्षण कर रसोई, शौचालय नेटवर्क सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त करने को कहा।

उन्होंने कहा कि सभी मंडियों में सीसीटीवी चालू हालात में रहे यह सुनिश्चित किया जाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए उपखंड अधिकारी यूरिया स्टाक व लोकेशन के जांच करें। जिला कलेक्टर वृष्णि ने कहा कि युवाओं को नशे के चंगुल में फंसने से बचाने और नशा मुक्ति गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तर पर संबंधित विभागों की एक कमेटी बनाकर हर माह एक बैठक करना सुनिश्चित किया जाए। जागरूकता कैम्पेन के साथ राजकीय छात्रावासों आदि का उपखंड अधिकारी औचक निरीक्षण करें। नशा मुक्ति के लिए ग्रामीण और ब्लॉक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएं तथा नशा छोड़ चुके लोगों को इन शिविरों में बुलाकर अन्य लोगों को प्रेरित करें।

निराश्रित पशुओं के सड़क पर आ जाने से दुर्घटनाओं की संभावना को कम करने के लिए जिले में व्यापक अभियान चलाया जायेगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने इसके लिए सभी उपखंड अधिकारियों को एक दिन का विशेष ड्राइव चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में पुलिस, परिवहन, पंचायती राज विभाग सहित आमजन का भी सहयोग लें। अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित गांव में निराश्रित पशुओं पर रिफ्लेक्टर टेप या बेल्ट पहनाए जाएं। पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सागर ने कहा कि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए और समन्वित कार्रवाई करें।

- **कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को प्रत्येक माह में न्यूनतम पांच खदानों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि खदानों पर लगे बोर्ड, पिलर आदि की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई कर**

## 7374 विद्यार्थियों ने दी संस्कृति ज्ञान परीक्षा

बीकानेर, (कासं)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के नैतिक शिक्षा अभियान के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन शुक्रवार दोपहर बारह से एक बजे तक किया गया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा बीकानेर जिला संयोजक सतीश तंवर व जिला सचिव देवेन्द्र सारस्वत ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतिवर्ष शिक्षा विभाग के सहयोग से संचालित इस परीक्षा में बीकानेर जिले के 130 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के कक्षा 5 से 12 तक आठ वर्गों के 7575 छात्र-छात्राओं का पंजीयन किया गया था। जिसमें से 7374 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी।

तहसील स्तर पर नोखा, श्रीकोलायत, बज्जू, दंतौर-पूगल, लूणकरनसर, श्रीडूंगरगढ़ तहसील तथा बीकानेर शहर सहित कुल 130 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये। परीक्षा के जिला कार्यालय सचिव प्रवीण तंवर ने बताया कि गत 27 वर्षों से केन्द्र तथा राज्य सरकार के सहयोग से संचालित यह परीक्षा देश के 21 राज्यों की नौ भाषाओं में आयोजित की जाती है। जिसमें एक लाख से अधिक विद्यालयों सहित चार हजार से अधिक महाविद्यालयों के नब्बे लाख से अधिक छात्र-छात्राएं परीक्षा में भाग लेते हैं। जिसमें सर्वाधिक 15 लाख से अधिक छात्र- छात्राएं राजस्थान से हैं।

## सार-समाचार

### सेवा आश्रम का निरीक्षण किया


आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, निःशक्तजन एच. गुईटे ने आवासीय विद्यालय सेवा आश्रम का निरीक्षण किया।

बीकानेर, (कासं)। आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव, निःशक्तजन एच. गुईटे ने शुक्रवार को सौर चेतना एवं ऊर्जा विज्ञान शोध संस्थान द्वारा संचालित विमंदित पुनर्वास गृह एवं विशेष आवासीय विद्यालय सेवा आश्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने संस्थान द्वारा दिव्यांग कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में जाना। विशेष बच्चों की देखभाल और साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। गुईटे ने यहां संधारित रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। बच्चों से व्यवस्था संबंधी फीडबैक लिया। स्टाफ सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में जाना और विशेष बच्चों द्वारा बनाई सामग्री का अवलोकन किया। संस्थान संचालक भीष्म कौशिक ने विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पंवार, सहायक निदेशक डॉ. अरविंद आचार्य, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कालवा, विशेष शिक्षक मनोज कुमावत, अनुराधा पारीक, प्रधानाध्यापिका भावना गौड़, जाकिर हुसैन, निदेशक डॉ ललित सोनी, फारिश खान, सुंदरलाल, देवेन्द्र और कुमार वर्मा सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### 33 सौ लीटर घी सीज

बीकानेर, (कासं)। शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत बीकानेर में शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। पुलिस की सूचना पर रसद विभाग ने एक 33 सौ लीटर घी दो अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए सीज किया। अब इस घी की जांच होगी, जिसमें मिलावटी पाए जाने पर संबंधित फर्म पर कार्रवाई की जायेगी। बीकानेर के गंगाशहर इलाके में एडिशनल एसपी सिटी सौरभ शर्मा की सूचना पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने 2 हजार 200 लीटर घी मिलावटी होने की आशंका पर सीज किया। मौके पर भानूप्रताप और सुरेंद्र सिंह खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौजूद थे। उनके द्वारा कार्रवाई की गई। इसी तरह बीछवाल औद्योगिक क्षेत्र में घटिया और मिलावटी घी होने की आशंका पर ज्ञान ब्रांड के 1100 लीटर घी को सीज किया गया। इस तरह त्योहारी सीजन में अमानक गुणवत्ता के घी को खपाने की योजना थी। जिसे खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस ने असफल कर दिया। इस प्रकार आज बीकानेर में 3300 लीटर अमानक घी होने की आशंका पर जब्त किया गया है। रसद विभाग पिछले कई दिनों से दीपावली के चलते कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान घी के साथ ही ड्राइ फ्रूट्स का भी नमूना कुछ दुकानों से लिया जा चुका है। मावे और अन्य खाद्य पदार्थों पर भी रसद विभाग की पूरी नजर है।

### आनन्द पणिया जिलाध्यक्ष नियुक्त


एकीकृत महासंघ का जिलाध्यक्ष बनने पर आनन्द पणिया का स्वागत किया।

बीकानेर, (कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र राणा के निर्देशानुसार प्रदेश महासंघ के प्रतिनिधि राजकुमार जीनगर व किशन सिंह चौहान के नेतृत्व में एक बैठक पी.एच.डी विभाग परिसर में रखी गई। जिसकी अध्यक्षता इदरीश अहमद व मुख्य संरक्षक जयगोपाल जोशी ने की। सभी विभागों द्वारा निर्णय लिया गया कि आनन्द कुमार पणिया को सर्वसम्मति से अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) बीकानेर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसमें सानिवि के अध्यक्ष रामकुमार, राजकीय मुद्राणालय के अध्यक्ष ओम भादाणी, लक्ष्मण पुरोहित, नगर विकास न्यास के अध्यक्ष शंकर लाल, जन. स्वा.अभि विभाग के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र जांगिड़, भू-खान विभाग के रामसिंह, सीएडी विभाग के गोविन्द नाराणय चूरा, अमित गोस्वामी, मेडिकल कॉलेज के रामकुमार व्यास, शिक्षा विभाग के अविकान्त, कृषि विश्वविद्यालय के योगेश पुरोहित, तकनीकी विभाग के जिलाध्यक्ष विक्रमसिंह, ताज मोहम्मद, नर्सिंग एसोसिएशन के श्रवण कुमार वर्मा, महिपाल सिंह, संभागीय आयुक्त विभाग के चेतन आचार्य, महिला एवं बाल विभाग चन्दा स्वामी सहित अन्य विभागों से पदाधिकारियों की सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की गई। जिलाध्यक्ष शीघ्र अपनी कार्यकारिणी गठन कर महासंघ को अवगत करवायेंगे।

# डिवाइडर से टकराई कार, एक महिला समेत दो की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। पंजाब में बरनाला में संतुलन बिगड़ने से एक कार अनियंत्रित होकर डिवाडर से जा टकराई। इस हादसे में एक महिला समेत दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिविल अस्पताल तपा में उपचाराधीन सलविंदर कुमार निवासी गंगानगर ने बताया कि वह आज सुबह अपने भाई कुलविंदर कुमार, भाभी गीता रानी और मां गुरदेव कौर के साथ कार में सवार होकर गंगानगर से चंडीगढ़ जा रहे थे। जब वह बरनाला-बठिंडा मुख्य मार्ग पर तपा के ओवरब्रिज पर पहुंचे तो अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया जिससे कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में कार चालक कुलविंदर कुमार और गुरदेव कौर की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो गंभीर घायलों को मिनी सहारा वेलफेयर क्लब और 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल तपा में भर्ती कराया गया।

- **गंगानगर से चंडीगढ़ जा रहे थे, बरनाला में हुआ हादसा**

**पुराने हत्या के मामले में आरोपी गिरफ्तार :** श्रीगंगानगर में हत्या कर शव को सतलुज नदी में बहा देने के करीब 15 माह पुराने मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी वारदात के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस ने इस मामले में 4 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इनमें 3 आरोपी घटना के 7 दिन में ही गिरफ्तार कर लिए गए। जबकि एक को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

मामले के अनुसार पिछले साल 19 जुलाई को चूनावढ़ थाना क्षेत्र के हीरालाल पुत्र जयमलराम ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि उसके भतीजे सोनू (25 )पुत्र रखाराम को गांव आठ एचएच दानीरामवाला के रहने वाले अंकेश कुमार पुत्र रणवीर सिंह, भारत भूषण उर्फ भरत पुत्र राजेन्द्र कुमार व सूरजभान पुत्र लक्ष्मीनारायण और गांव 25 एमएल के जशदीपसिंह उर्फ जश संधू पुत्र जगदेवसिंह, गांव 38 एलएनपी के हर्षप्रीत सिंह उर्फ हर्ष बराड़ पुत्र हरजिंद्र सिंह, दो एलएनपी चक महाराज के सहजप्रीत सिंह उर्फ सहज पुत्र गुरूराज सिंह, गांव पांच जी छोटी सहारणवाली के प्रदीप कांटिया पुत्र कालूराम, गांव छह एलएनपी कुंडलवाला के रवि उर्फ दीपक वर्मा पुत्र मामराज और गांव 11 जी छोटी हारनिया के जगमीत सिंह बराड़ ने किडनैप कर लिया और हत्या कर शव सतलुज नदी में बहा दिया।

आरोपी अंकेश कुमार, भारत भूषण उर्फ भरत व सूरजभान को वारदात के 7 दिन बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया था। एक अन्य आरोपी प्रदीप कांटिया को भी घटना के कुछ समय बाद पकड़ा गया। चारों आरोपियों को जूडिशियल कस्टडी में भिजवा दिया गया है। शेष आरोपी फरार चल रहे थे। इनमें से गांव छह एलएनपी कुंडलवाला के रवि वर्मा पुत्र मामराज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## गोदारा आज करेंगे कक्षा कक्षों का शिलान्यास

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा शनिवार को लूणकरनसर विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे तथा विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे।

गोदारा प्रातः 10 बजे कतरियासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 15.93 लाख रूपये की लागत से बनने वाले कक्षा कक्ष तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में 5.62 लाख रूपये के जल मंदिर का शिलान्यास करेंगे। प्रातः 11 बजे रूणिया बड़ा बास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 52.74 लाख रूपये की लागत से चार, दोपहर 1 बजे राजेरा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 11.43 लाख रूपये की लागत से एक तथा दोपहर 2 बजे बेलासर के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में 59.99 लाख रूपये की लागत से बनने वाले चार कमरों का शिलान्यास करेंगे। श्री गोदारा दोपहर 3.30 बजे रामसर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में 29.60 लाख से बनने वाले दो कमरों का शिलान्यास तथा गजरूपदेसर में 5 एमवीए के पावर ट्रांसफार्मर का लोकार्पण करेंगे।

# होटल में चल रहे सैक्स रैकेट का खुलासा

श्रीगंगानगर, (कासं)। शहर की पुरानी आबादी थाना पुलिस ने केन्द्रीय बस स्टैंड के सामने स्थित एक होटल पर कार्रवाई कर सैक्स रैकेट पकड़ा। पुलिस को यहां कुछ युवक-युवतियों के अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होने की सूचना मिली थी। इस पर कार्रवाई कर 10 युवतियों और 5 युवकों को गिरफ्तार किया।

एएसपी सिटी बी. आदित्य को गुरूवार रात शहर के बस स्टैंड के सामने स्थित होटल हांसल में कुछ युवकों और युवतियों के होने और वहां कुछ अनैतिक गतिविधियां होने की सूचना मिली थी। इस पर पुलिस ने मौके पर एक बोगस ग्राहक भेजा। बोगस ग्राहक बनकर गए व्यक्ति ने होटल का संचालन कर रहे व्यक्ति से सौदा तय कर लिया।

उसने होटल के अंदर के हालात देखे। वहां के हालात देखकर उसने बाहर मौजूद पुलिस टीम को इशारा किया। इशारा मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई कर दी। मौके से 10 युवतियां और 5 युवक पकड़े गए।

पकड़े गए युवक कुंज विहार में किराए के मकान में रहने वाले धीरज आर्य पुत्र इंद्रजीत, हिन्दुमलकोट थाना क्षेत्र के गांव पांच पी कोनी के रहने वाले प्रकाश पुत्र सतपाल सिंह, सुजावलपुर के शैलेन्द्र सिंह पुत्र सुरजीत सिंह, गांव लालगढ़ जाटान में किराए के मकान में रहने वाले गांव फूसेवाला निवासी गौतम पुत्र दुलीचंद और अनूपगढ़ के गांव चार एमएसआर निवासी प्रकाश पुत्र कुलवीर सिंह और 10 युवतियों को गिरफ्तार किया गया।

अनूपगढ़ में देर रात सीएमएचओ कार्यालय में चोरों के द्वारा मुख्य दरवाजे सहित चार कमरों के ताले तोड़कर चोरी करने का प्रयास किया गया है। चोर ने वहां बैठकर धूम्रपान भी किया मगर अभी तक किसी भी सामान के चोरी होने की जानकारी नहीं मिली है।

- **10 युवतियों और 5 युवकों को गिरफ्तार किया**

# दीपावली पर स्वास्थ्य केन्द्र रात्रि 12 बजे तक खुलेंगे

हनुमानगढ़, (कासं)। दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। पर्व पर आतिशबाजी के कारण आगजनी की घटना की संभावना भी बनी रहती है। इसलिए प्रारम्भिक व्यवस्था के तौर पर 30 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र रात्रि 12 बजे तक खुले रहेंगे।

जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट कानाराम के आदेश मुताबिक इससे उच्चतर चिकित्सा इकाईयों में रात्रिकालीन सेवाएं आवश्यक रूप से उपलब्ध रहेगी ताकि आगजनी से हुए मानव नुकसान को प्राथमिक चिकित्सा अविलम्ब उपलब्ध करवाई जा सके। मुख्य अस्पतालों में बर्न स्पेशलिस्ट भी तैनात रहेंगे। केवल ग्रीन आतिशबाजी या पटाखों को प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक बेचने और चलाने की अनुमति वायु प्रदूषण की प्रासंगिक वृद्धि को प्रभावी ढंग और पर्याप्त रूप से कम करने के लिए पटाखों की बिक्री व उपयोग पर नियंत्रण और विनियमन हेतु उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के आदेशों की कठोरता से पालना करवाई जानी है। जिला कलेक्टर के आदेश मुताबिक केवल ग्रीन आतिशबाजी या पटाखों को प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक बिक्री और चलाने की अनुमति होगी।

## गोदारा ने की सुनवाई

बीकानेर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को अपने आवास में आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने विभिन्न परिवादों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आवश्यक निर्देश दिए।

ग्रामीण क्षेत्रों से आये लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और इनका लाभ लेने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि लूणकरनसर क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए संकल्पबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है। गुरूवार को करोड़ों रुपए के कार्य जनता को समर्पित किए गए। यह क्रम अनवरत जारी रहेगा।

# बीकानेर क्षेत्र में सुबह ठंडी हवा की आहट, हल्की धुंध भी

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर क्षेत्र में सर्द हवाओं ने डेरा डालना शुरू कर दिया है। सुबह-सवेरे ठंडी हवाएं सर्दी की आहट जैसी प्रतीत हो रही है तो दोपहर में भी पारा अब ज्यादा परेशान नहीं कर रहा है। बीकानेर में अधिकतम तापमान जहां 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से कम हो गया। इसका असर भी सुबह व शाम महसूस हो रहा है।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रहा। ग्रामीण क्षेत्रों में इससे भी कम तापमान का अहसास हो रहा है। यहां तक कि खेतों में तो सुबह हल्की धुंध भी हो रही है। आमतौर पर बीकानेर में कार्तिक पूर्णिमा के दिन से सर्दी की आहट मानी जाती है।

इसी दिन कोलायत में मेला भरता है और लोग कपिल सरोवर में डुबकी लगाते हैं। मान्यता है कि इसी दिन से सर्दी शुरू हो जाती है। पारा गिरने का सिलसिला इसी दिन से तेज हो जाता है। अब दोपहर में भी ज्यादा गर्मी नहीं है। दिन का तापमान दोपहर में दो से तीन बजे के बीच 36 डिग्री सेल्सियस तक रहता है जो गर्मियों में 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा था। तापमान में लगातार आ रही कमी ने दिन सुहाने कर दिए हैं। पिछले दो दिन से बीकानेर में बारिश तो नहीं हुई लेकिन बादलों की आवाजाही ने भी तापमान को कम करने का काम किया है।

- **न्यूनतम पारा 25 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे, सर्दी की शुरूआत**

# सड़क दुरूस्तीकरण, सौन्दर्यकरण और साफ-सफाई से जुड़े कार्यों को गति दें : कलेक्टर

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि दीपावली के मद्देनजर शहर की साफ-सफाई, सड़क दुरूस्तीकरण, पार्क एवं सर्कल्स सौन्दर्यकरण जैसे कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किए जाएं। जिला कलेक्टर ने शुक्रवार को नगर निगम, यूआईटी और पीडब्लयूडी के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए।


बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने नगर निगम, यूआईटी और पीडब्लयूडी अधिकारियों की बैठक को संबोधित किया।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा स्थानीय निकाय कोटे की पीडब्लयूडी द्वारा बनाई गई 90 किलोमीटर सड़कों की रिपेयरिंग का काम पूर्ण करवा दिया है। बीकानेर पूर्व एवं पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पैचवर्क के तीन-तीन करोड़ के कार्य दीपावली से पूर्व करवा दिए जायेंगे। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा पैचवर्क के 48 में से 38 कार्य करवा दिए गए हैं। नगर विकास न्यास द्वारा मरम्मत योग्य 35 किलोमीटर में से 21.62 किमी सड़कों को दुरूस्त कर दिया गया है। उन्होंने बचे हुए कार्य को अगले एक सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम द्वारा मुख्य नालों की सफाई साल में कम से कम दो बार करवाई जाए। मानसून से पूर्व और दिसम्बर में यह कार्य हों। नई सड़कें और सर्किल बनाते समय नॉर्म्स के अनुरूप सोक पिट बनाए जाएं। उन्होंने मुख्य मार्गों पर बची हुई सार्वजनिक दीवारों पर पेंटिंग करवाने, पौधारोपण, पार्कों के रखरखाव आदि के काम मिशन मोड पर करने के निर्देश दिए। साथ ही नगर निगम और नगर विकास न्यास द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में हुए अतिक्रमण चिन्हित करते हुए हन्हें हटाने का अभियान चलाने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने कहा कि होटल्स एवं मिठाई निर्माताओं द्वारा किसी भी स्थिति में चाशनी सीवरेज में नहीं डाली जाए। इसके लिए उन्होंने मिठाई निर्माताओं को सीवरेज के पास विशेष चैम्बर बनाने तथा इनकी नियमित सफाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आमजन का आव्हान किया कि सीवर लाइन में ऐसी कोई चीज नहीं डालें, जिससे यह चॉक हो।

- **नगर न्यास द्वारा मरम्मत योग्य 35 किलोमीटर में से 21.62 किमी सड़कों को दुरूस्त कर दिया गया**

# महिला शिक्षकों के खिलाफ अपमानजनक बयान देने का विरोध

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ (शेखावत) ने नीम का थाना जिले में 16 अक्टूबर को एक समारोह में शिक्षकों, विशेष रूप से महिला शिक्षकों के खिलाफ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा झूठा और अपमानजनक वक्तव्य देने की कड़ी निंदा करते हुए विरोध स्वरूप आज जिला कलेक्ट्रेट, बीकानेर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के पुतले का दहन किया गया।

सैकड़ों शिक्षकों ने जिला कलेक्ट्रेट पर शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करते हुए विरोध प्रदर्शन कर चेतावनी दी कि शिक्षा मंत्री ने महिला शिक्षकों की गरिमा पर चोट करना बंद नहीं किया तो आंदोलन ना केवल जारी रखा जायेगा बल्कि और तेज किया जायेगा। प्रांतव्यापी आव्हान पर राज्य भर में शिक्षा मंत्री के पुतले दहन करने का ऐलान किया गया था। इसी ऐलान के अनुरूप शिक्षा मंत्री मदन दिलावर लगातार शिक्षकों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करते रहते हैं और शिक्षकों के खिलाफ झूठ बोलकर उन्हें अपमानित और प्रताडित करने का अभियान चला रखा है। शिक्षा मंत्री शायद सार्वजनिक शिक्षा को तहस नहस करना चाहते हैं। इसीलिए शिक्षक समुदाय को निरन्तर बदनाम करते रहते हैं। पुतला दहन में प्रदेश मंत्री श्रवण पुरोहित, प्रदेश संयुक्त मंत्री संजय पुरोहित, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमेंद्र बाना, शिक्षक नेता शिवशंकर गोदारा, आदूराम मेघवाल, भंवर सांगवा, अर्जुनराम कड़वासरा, गणेश डोगीवाल, मनीष ठाकुर, श्याम देवड़ा आदि शामिल थे।


महिला शिक्षकों के खिलाफ अपमानजनक बयान देने के विरोध में शिक्षक संघ ( शेखावत ) ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का पुतला फूंका।

